कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा, जिला कोरबा (छ0ग0)

//निविदा सूचना का प्रारूप//

क्रमांक/ 142 /सीएसआर/स्टेनो/2015 कोरबा, दिनांक 27/02/2015

लाईवलीहुड कॉलेज कोरबा, जिला–कोरबा (छ0ग0) के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु औद्योगिक सिलाई मशीन (Industrial Sewing Machine) एवं कुर्सी (Sewing Machine operator chair) क्रय किया जाना है। क्रय की जाने वाली सामाग्री का विवरण निम्नानुसार है :–

स0क्र0	सामाग्री का नाम	सामाग्री का विवरण	सामाग्री की मात्रा
1	2	3	4
1	Industrial Sewing Machine	Single Needle Lockstitch Flat Sewing Machine	30 नग
		Complete Set (Non UBT)	
		Specifications :	
		Application : Light to Medium – Weight	
		Sewing Speed : 4500 Sti/Min	
2	Sewing Machine operator chair	Sewing Machine Operator Chair with Round Iron stand, Adjustable Height	30 नग

अतः उक्त सामाग्री की आपूर्ति करने हेतु निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं से मोहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता कार्यालय कलेक्टर कोरबा के सीएसआर शाखा/स्टेनो शाखा में 1000/– (रूपये एक हजार मात्र) नगद जमाकर कार्यालयीन दिवस में निविदा प्रपत्र, विस्तृत शर्तें एवं अन्य विवरण प्राप्त कर सकते हैं। निविदा की शर्तें राज्य स्तरीय वेबसाईट www.cg.gov.in एवं जिला स्तरीय वेबसाईट www.korba.gov.in में देखे जा सकते हैं।

निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि	–	11/03/2015	समय 05:00 बजे अपरान्ह
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	–	14/03/2015	समय 03:00 बजे अपरान्ह
निविदा खोलने की तिथि	–	14/03/2015	समय 04:00 बजे अपरान्ह

स्थान :– कार्यालय, कलेक्टर कोरबा, जिला–कोरबा (छ0ग0)

27/2/15
कलेक्टर
जिला–कोरबा (छ0ग0)

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा, जिला कोरबा (छ0ग0)

//निविदा एवं शर्तें//

कार्यालयीन निविदा सूचना क/ 142 /सीएसआर/स्टेनो/2015 कोरबा, दिनांक 27/2/2015 के अनुक्रम में कार्यालय कलेक्टर कोरबा द्वारा लाईवलीहुड कॉलेज कोरबा के लिये औद्योगिक सिलाई मशीन (Industrial Sewing Machine) एवं कुर्सी (Sewing Machine operator chair) की आपूर्ति करने हेतु निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं से निविदा लिफाफों में दिनांक 14.03.2015 अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

निविदा के शर्तें निम्नानुसार है :–

1. निविदादाता को बंद लिफाफा (अ, ब एवं स) में निविदा प्रस्तुत करना होगा।
2. लिफाफा "अ" में शासन के वाणिज्यिकर विभाग से पंजीयन प्रमाण पत्र, सामाग्रियों के निर्माताओं/अधिकृत विक्रेता का प्रमाण पत्र, पिछले वर्ष का वाणिज्यिकर विभाग से "चूकता प्रमाण पत्र", पेन नंबर की छायाप्रति, पिछले तीन वर्ष का आयकर रिटर्न के अभिप्रमाणित प्रति एवं अमानत राशि का ड्राफ्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगी।
3. लिफाफा "ब" में दर सूची प्रस्तुत करना होगा। लिफाफा "अ" और "ब" को बंदकर लिफाफा "स" में प्रस्तुत करना होगा।
4. निविदा का लिफाफा "अ" पहले खोला जावेगा, जिसमें निविदा के निहित शर्तों का पूर्ण करने एवं वैद्य पाये जाने पर ही लिफाफा "ब" खोला जावेगा।
5. सभी **"कर"** सम्मिलित करके निविदा दर प्रस्तुत करना होगा, निविदा में उल्लेखित दर के अतिरिक्त अन्य कोई स्वत्व देय नहीं होगा।
6. एक निविदाकार का एक ही निविदा स्वीकार किया जावेगा।
7. निविदादाता को अमानत राशि के रूप में 24000/– (शब्दों में– चौबीस हजार रूपये मात्र) का किसी राष्ट्रीयकृत बैंकों से जारी बैंक ड्राफ्ट/डिमांड ड्राफ्ट जो की कलेक्टर कोरबा के पक्ष में जारी हुआ हो, को लिफाफा "अ" के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
8. निविदा मुहर बंद लिफाफे में दिनांक 14/03/2015 अपरान्ह 03:00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत किया जा सकता है। उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे निविदा लिफाफे जिला स्तरीय क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी जिसमें निविदा दाता स्वयं/प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।
9. निविदादाता को निविदा स्वीकृत होने की स्थिति में तत्काल रूपये 50/– के स्टाम्प पर सामाग्री आपूर्ति करने बाबत् सहमति पत्र/अनुबंध सम्पादित करना होगा तथा सामाग्री की आपूर्ति क्रयादेश जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर क्रयादेश में निर्धारित किये गये स्थल तक पहुंचाकर देना होगा निर्धारित अवधि में सामाग्री प्रदाय नहीं करने पर भुगतान राशि में आनुपातिक कटौती की जायेगी अथवा क्रयादेश निरस्त किया जाकर अमानत राशि छत्तीसगढ़ शासन के पक्ष में राजसात किया जा सकेगा।
10. निविदादाता फर्म द्वारा प्रदाय की गई सामाग्रियों का भौतिक सत्यापन जिला स्तरीय क्रय समिति के द्वारा किया जावेगा। भौतिक सत्यापन में मिलान नहीं होने पर नियमानुसार कटौती की जावेगी या निरस्त किया जावेगा।
11. आपूर्ति होने पर सामाग्री के कमी, क्षति या हानि के लिये कार्यालय/विभाग जिम्मेदार नहीं रहेगा।
12. निविदा में दर्शित सामाग्री का गुणवत्ता प्रमाण पत्र भारत शासन/छत्तीसगढ़ शासन के मान्यता प्राप्त संस्था से जारी हो, का संकलन करना अनिवार्य है।
13. निविदादाता को सामाग्री के साथ दो प्रतियों में देयक जिला कार्यालय कलेक्टर कोरबा को प्रस्तुत करना होगा, जिसका परीक्षण उपरांत नियमानुसार राशि का भुगतान किया जावेगा।
14. निविदा प्रस्तुत करने पर यह माना जायेगा की निविदादाता को निविदा की सभी शर्तें मान्य व स्वीकार्य है।
15. इस निविदा में छ0ग0 शासन द्वारा जारी सत्यनिष्ठा संधि लागू होगी।
16. विवाद की स्थिति में जिला कलेक्टर कोरबा का निर्णय अंतिम व सभी पक्षों पर मान्य होगा।

कलेक्टर
जिला–कोरबा (छ0ग0)

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा, जिला कोरबा (छ0ग0)

विषय :– औद्योगिक सिलाई मशीन (Industrial Sewing Machine) एवं कुर्सी (Sewing Machine operator chair) का कय वर्ष 2015

प्रपत्र भाग 'अ' तकनीकी आर्हता एवं धरोहर राशि

1. निविदादाता फर्म का नाम एवं पता :– .....
2. निविदादाता का नाम :– .....

   मोबा./फोन नंबर :– .....
3. पेन नंबर :– .....
4. निविदादाता फर्म का पंजीयन कमांक एवं दिनांक :– .....
5. यदि फर्म उत्पादन करता है तो उद्योग विभाग का पंजीयन कमांक/दिनांक या अधिकृत विक्रेता का प्रमाण–पत्र (संलग्न करें) :– .....
6. निविदादाता का व्यापारिक संस्थान जहां से सामाग्री प्रदाय किया जावेगा :– .....
7. वाणिज्यिकर विभाग का पंजीयन कमांक एवं दिनांक :– .....
8. आयकर चूकता प्रमाण पत्र की छायाप्रति (वर्ष 2012–13, 2013–14 एवं 2014–15) :– .....
9. वाणिज्यिकर चूकता प्रमाण पत्र की छायाप्रति (वर्ष 2013–14) :– .....
10. धरोहर की राशि का धनादेश कमांक, दिनांक, बैंक का नाम (मूलतः संलग्न करें।) :– .....
11. पिछले वर्ष का कर समाशोधन पत्रक फार्म 16 प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा :– .....

निविदादाता का नाम – .....

हस्ताक्षर सहित – .....

नोट :– उपरोक्त कंडिका कमांक 3 से 10 तक के सभी प्रमाण पत्र की छायाप्रति स्वसत्यापित संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा कंडिका 10 धरोहर राशि का धनादेश मूलतः संलग्न करें। उपरोक्त प्रपत्र में किसी भी प्रकार से उपरी लेखन होने की दशा में निविदादाता स्वयं जिम्मेदार होगा।

कलेक्टर
जिला–कोरबा (छ0ग0)

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा, जिला कोरबा (छ0ग0)

विषय :– औद्योगिक सिलाई मशीन (Industrial Sewing Machine) एवं कुर्सी (Sewing Machine operator chair) का क्रय वर्ष 2015

प्रपत्र भाग 'ब' दर संबंधी विवरण

1. निविदादाता संस्था का पूरा नाम :– .....
   एवं पूरा पता :– .....
   .....
   .....
2. निविदादाता का नाम एवं :– .....
   मोबा./फोन नंबर :– .....
   .....

स0क0	सामाग्री का नाम	सामाग्री का विवरण	01 नग सामाग्री का दर कर सहित (रू0 में)	30 नग सामाग्री का दर कर सहित (रू0में)
1	2	3	4	5
1	Industrial Sewing Machine	Single Needle Lockstitch Flat Sewing Machine		
		Complete Set (Non UBT)		
		Specifications :		
		Application : Light to Medium – Weight		
		Sewing Speed : 4500 Sti/Min		
2	Sewing Machine operator chair	Sewing Machine Operator Chair with Round Iron stand, Adjustable Height		
			सभी का योग :–	

(दर शब्दों में लिखें रू0 – .....)

कार्यालय कलेक्टर कोरबा (छ0ग0) द्वारा क्रय किये जाने वाली उपरोक्त सामाग्री मेरे द्वारा प्रंस्तुत दर पर प्रदाय करने हेतु तथा छ0ग0 भंडार क्रय नियम के पालन हेतु सहमत हूँ तथा विभाग से अनुबंध निष्पादित करने के लिये बाध्य रहूँगा एवं सभी प्रकार के करों का जो भी भुगतान होगा वहन करूंगा। मेरे द्वारा नियम एवं शर्तों का अध्ययन कर लिया गया है जिसके लिए मैं सहमत हूँ।

निविदादाता का नाम :– .....
हस्ताक्षर सहित :– .....
मोबा./फोन नंबर :– .....

नोट :– प्रस्तुत दरों में किसी भी प्रकार का उपरी लेखन मान्य नहीं किया जावेगा।

कलेक्टर
जिला–कोरबा (छ0ग0)